# CBSE Test Paper 04

## Ch-1 व्याकरण वाक्य भेद

1. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-**
    i. हुड़दंग तो इतना मचाया कि कॉलेज वालों को थर्ड इयर भी खोलना पड़ा। (वाक्य-भेद/आश्रित उपवाक्य का नाम लिखिए।)
    ii. मैं जल्दी से बाहर जाकर ओले देखने लगा। (मिश्र वाक्य में बदलिए।)
    iii. नवाब साहब कुछ देर गाड़ी की खिड़की के बाहर देखकर स्थिति पर गौर करते रहे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए।)
2. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-**
    i. सभा में दिया गया मेरा भाषण अखबारों में छप गया। (मिश्र वाक्य बनाइए।)
    ii. मूर्तिकार मूर्ति बनाने के साथ पढ़ाता भी है। (संयुक्त वाक्य में बदलिए।)
    iii. वह ऐसे बोल रहा था जैसे कोई बड़ा अधिकारी हो। (वाक्य-भेद लिखिए।)
3. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-**
    i. रामसेवक पवनपुत्र हनुमान ने रावण की सोने की लंका को जला दिया। (वाक्य भेद बताइए।)
    ii. मैं उस विद्यार्थी को भली प्रकार जानता हैं, जिसे आपने पुरस्कार दिया था। (वाक्य में आश्रित उपवाक्य बताइए।)
    iii. नंगी चमचमाती तलवार घुमाता हुआ बीस वर्षीय युवक कह रहा था। (मिश्रित वाक्य बनाइए।)
4. **निम्नलिखित वाक्यों के रचना के आधार पर भेद लिखिए-**
    i. मैंने एक कविता लिखी जिसकी प्रशंसा सभी ने की।
    ii. यहाँ पहले जंगल था, परन्तु अब घनी बस्ती है।
    iii. सभी लोगों ने वह सुन्दर दृश्य देखा।
    iv. सभी ने उस हमले की निंदा की जो आतंकवादियों द्वारा किया गया था।
5. **निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए-**
    i. मैं आपके पास अपनी समस्या बताने आई हूँ। (मिश्र वाक्य)
    ii. जो ईमानदार है वही सम्मान का सच्चा अधिकारी है। (सरल वाक्य)
    iii. रमोला ऑफिस से आकर खाना बनाएगी। (संयुक्त वाक्य)
    iv. चुनाव आते ही सभी दल एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश में लग जाते हैं। (मिश्र वाक्य)
6. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-**

i. एक तुमने ही इस जादू पर विजय प्राप्त की है। (वाक्य भेद लिखिए।)
ii. एक मोटरकार उनकी दुकान के सामने आकर रुकी। (संयुक्त वाक्य में बदलिए।)
iii. सभी विद्यार्थी कवि-सम्मेलन में समय से पहुँचे और शांति से बैठे रहे। (मिश्रित वाक्य में बदलिए।)
iv. इसी मानव संस्कृति को विभाजित करने की चेष्टाएँ की गई। (मिश्रित वाक्य में बदलिए)

7. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-**

i. भाई साहब से सहसा मेरी मुठभेड़ हो गई जो शायद बाज़ार से लौट रहे थे। (वाक्य का भेद लिखिए।)
ii. मैं ढीठ बनकर उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए।)
iii. मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था और सारा समय पतंगबाजी की भेंट होता था। (मिश्र वाक्य में बदलिए।)

8. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-**

i. सर्वदयाल ने शीत से बचने के लिए हाथ जेब में डाला तो कागज का एक टुकड़ा निकल आया। (मिश्र वाक्य में बदलिए।)
ii. उसे दफ्तर की नौकरी से घृणा थी। (वाक्य भेद बताइए।)
iii. उनको पूरा-पूरा विश्वास था कि ठाकुर साहब मेंबर बन जाएँगे। (सरल वाक्य में बदलिए।)
iv. लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

## CBSE Test Paper 04

### Ch-1 व्याकरण वाक्य भेद

## Answer

1. i. कि कालेज वालों को थर्ड इयर भी खोलना पड़ा। (मिश्र वाक्य - संज्ञा उपवाक्य )
   ii. जब मैं जल्दी से बाहर गया तभी ओले देखने लगा।
   iii. नवाब साहब ने कुछ देर गाड़ी की खिड़की के बाहर देखा और स्थिति पर गौर करते रहे।
2. i. जो भाषण मैंने सभा में दिया था वह अखबारों में छप गया।
   ii. मूर्तिकार मूर्ति बनाता है और उसके साथ पढ़ाता भी है।

   **अथवा**

   मूर्तिकार मूर्ति बनाने के अलावा पढ़ाता भी है।
   iii. दिया गया वाक्य मिश्र वाक्य है। (क्रिया विशेषण)
3. i. सरल वाक्य
   ii. जिसे आपने पुरस्कार दिया था। (विशेषण आश्रित उपवाक्य)
   iii. जो बीस वर्षीय युवक नंगी चमचमाती तलवार घुमा रहा था, कह रहा था।
4. i. मिश्रित वाक्य ii. संयुक्त वाक्य iii. सरल वाक्य iv. मिश्रित वाक्य
5. i. मैं आपके पास आई हूँ ताकि अपनी समस्या बता सकूँ।
   ii. ईमानदार व्यक्ति ही सच्चे सम्मान का अधिकारी है।
   iii. रमोला ऑफिस से आएगी और खाना बनाएगी।
   iv. जब चुनाव आते हैं तब सभी दल एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश में लग जाते हैं।
6. i. सरल वाक्य।
   ii. एक मोटरकार उनकी दुकान के सामने आई और रुक गई।
   iii. जब विद्यार्थी कवि सम्मेलन में समय से पहुँचे तब सभी शांति से बैठे रहे।
   iv. यह वही मानव संस्कृति है जिसे विभाजित करने की चेष्टाएँ की गयी।
7. i. मिश्र वाक्य।
   ii. मैं ढीठ बन गया और उनकी सहिष्णुता का अनुचित लाभ उठाने लगा।
   iii. मुझे कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था इसलिए मेरा सारा समय पतंगबाजी की भेंट होता था।
8. i. जब सर्वदयाल ने शीत से बचने के लिए हाथ जेब में डाला तब कागज का एक टुकड़ा निकल आया। अथवा जैसे ही सर्वदयाल ने शीत से बचने के लिए हाथ जेब में डाला वैसे ही कागज का एक टुकड़ा निकल आया।
   ii. सरल वाक्य।
   iii. उन्हें ठाकुर साहब के मेंबर बन जाने का पूरा-पूरा विश्वास था।
   iv. जो लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचते हैं वे उसके इस्तेमाल का तरीका भी जानते हैं।